दिन–गुरूवार दिनांक– 26 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार दौरे के दूसरे दिन आज अररिया में सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एसएसबी, ईडी, आईबी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी और सभी सीमावर्ती सात जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने सिकटी प्रखंड के भारत–नेपाल सीमा के भारतीय क्षेत्र स्थित लेटी एसएसबी बीओपी में एसएसबी प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन किया। इसके बाद वे सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केन्द्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे। आज शाम वे पूर्णिया के लिए रवाना हो जायेंगे। इससे पहले, कल श्री शाह ने किशनगंज के जिला समाहरणालय सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री शाह ने सीमांचल में जनसांख्यिकी के बदलते स्वरूप पर विचार–विमर्श किया और अवैध घुसपैठ रोकने के लिए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये।

————————————————————

बिहार के पांच समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के चुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। नामांकन की अंतिम तिथि पांच मार्च निर्धारित है। वहीं, प्रत्याशी नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। सोलह मार्च को मतदान कराया जाएगा। गौरतलब है कि नौ अप्रैल को राज्य के पांच सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनमें जदयू कोटे के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राजद के प्रेमचंद गुप्ता और अमरेन्द्रधारी सिंह तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं।

————————————————————

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क सुरक्षा देश के लिए एक महत्वपूर्ण और गंभीर विषय है। उन्होंने भारत में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त की। आज नई दिल्ली में आयोजित सड़क सुरक्षा पर राष्ट्रीय

सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें लगभग एक लाख अस्सी हजार लोगों की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब प्रदर्शन–उन्मुख नीति अपनाई है, जिसमें बेहतर जवाबदेही और सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय लेखापरीक्षा के बजाय प्रदर्शन लेखापरीक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अठारहवें दिन आज विधानसभा में प्रश्नोत्तरकाल की कार्यवाही सुचारू रूप से चल रही है। जदयू के मंजीत कुमार सिंह के एक सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में हरित आवरण बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जापानी विधि से वनों का विकास तेजी से किया जा रहा है। इधर, विधानसभा में आज छह महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जायेंगे। इन विधेयकों में बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड संशोधन विधेयक, बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक और बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाए विधेयक प्रमुख हैं।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य सरकार भूमि व्यवस्था को सृदृढ करने के लिए संकल्पबद्ध है। शेखपुरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि इसके लिए पूरा रोडमैप तैयार कर लिया गया है।

———————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–एट मुकाबले में आज चेन्नई में शाम सात बजे भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारत के लिए यह मैच बहुत महत्वपूर्ण है। भारत सुपर–एट में दक्षिण अफ्रीका से अपना पहला मैच हार चुका है। वहीं, एक अन्य मैच में अहमदाबाद में आज दोपहर तीन बजे वेस्टइंडीज का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत हथियावां उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस सप्ताह के तहत पेंटिंग, रंगोली, वाद–विवाद और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

———————————————————————

सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड अंतर्गत पैगम्बरपुर उप लघु नहर के पुर्नरूत्थान और मरमम्त का कार्य शुरू कर दिया गया है।

————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया नवाब चौक के पास राज्य उच्च पथ संख्या—सतत्तर पर भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।